हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शनिवार, 15 नवंबर 2025

तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 9.0 डिग्री

12 बिहार में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी



12 बाल मेले में विद्यार्थियों ने लिया झूलों का आनंद



## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**जींद।** मखंड के निकट तेजरफ्तार पिकअप गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार व्यक्ति घायल हो गया। उचाना थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर फरार पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव नेहला निवासी मनीष ने शिकायत में बताया कि वह बाइक पर सवार हो कर गांव मंखड से गुजर रहा था।

### बड़सीकरी खुर्द में चली लाठी और गंडासियां

**कैथल।** गांव बड़सीकरी खुर्द में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। अस्पताल में दाखिल करवाया है। बढसीकरी खुर्द के दिलबाग ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 12 को अजमेर, कुलदीप, सतीश, साहिल, धर्मवीर, कुलदीप, सचिन, राहुल व अनिल ने मिलकर लाठी और गंडसियों से हमला करते उसे तथा उसके परिवार के दो अन्य सदस्यों को घायल कर दिया।

### पराली अवशेष जलाने पर आठ लोगों पर मामला दर्ज

**जींद।** जिले में पराली अवशेष जलाने का सिलसिला लगातार जारी है। आदेशों की अवेहलना कर पराली के अवशेष जलाने पर जिला पुलिस ने आठ लोगों के खिलाफ इन्वायरमेंट पॉल्यूशन एक्ट के तहत मामले दर्ज किए हैं। कृषि विभाग के अधिकारियों ने पुलिस को दी शिकायत मे बताया कि सरकार ने पराली अवशेष जलाने पर रोक लगाई हुई है।

### गांव सोंगल में मारपीट में एक व्यक्ति घायल

**कैथल।** गांव सोंगल में मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। गांव सोनल के संदीप कुमार ने राजोंद पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 3 नवंबर को नरेंद्र ने उसके साथ मारपीट करते उसे घायल कर दिया। शिकायतकर्ता का यह भी आरोप है कि आरोपी द्वारा उसे जाति सूचक शब्द भी कहे गए तथा मारने की धमकी भी दी गई।

### शेयर मार्केट में मुनाफा दिखा हडपे 3.11 लाख

**जींद।** शेयर मार्केट में निवेश पर मुनाफा दिखा तथा शादी का झांसा देकर एक युवक को तीन लाख 11 हजार रुपये का चूना लगा दिया। साइबर थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर अज्ञात लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। सफीदों निवासी सुरेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत 15 सितंबर को उसको व्हाट्सअप पर लिंक आया। जिसके खोलने पर वह एक ग्रुप से जुड़ गया।

### रास्ता रोक चोट मारने के मामले में 2 आरोपी काबू

**कैथल।** ऑपरेशन ट्रेक डाउन तहत कार्रवाई करते रास्ता रोककर हमला कर चोटे मारने के मामले में सी आईए -1 पुलिस ने 2 आरोपियों को काबू किया गया है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया की सिरटा निवासी अमित की शिकायत अनुसार उसने संजीव ढुल, फील्ड इंस्पेक्टर हैफेड के खिलाफ भ्रष्टाचार संबंधी शिकायत एसीबी में दी हुई है।

### फायरिंग के मामले में वांछित आरोपित दबोचा

**कैथल।** ऑपरेशन ट्रेक डाउन तहत पुलिस कार्रवाई कर रही है। कड़ी में पूंडरी एक एक घर पर फायरिंग के मामले में वांछित को डिटेक्टिव यूनिट द्वारा काबू किया है । आरोपी पर इससे पहले पंजाब में छीना झपटी, अवैध असला रखने के 2 मामले तथा व कैथल में सोशल मीडिया पर अवैध हथियार के साथ फोटो अपलोड करने का एक मामला दर्ज है।

### खंड स्तरीय युवा ग्राम पंचायत का आयोजन

**राजौंद।** रावमावि कसान में खंड स्तरीय युवा ग्राम पंचायत प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया। कार्यक्रम राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, गुरुग्राम के जनसंख्या शिक्षा प्रकोष्ठ के सौजन्य से एवं जिला शिक्षा अधिकारी सह डायट प्राचार्य सुरेश के मार्गदर्शन में आयोजित किया।

*जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री ने दिए आदेश*

# पांच साल पहले हुए मर्डर में हत्यारों की गिरफ्तारी नहीं होने पर मामला सीबीआई को सौंपने की अनुशंसा की

*उत्पीड़न के मामले में युवती की सुनवाई न करने पर पुलिस कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर के आदेश*

**एसपी को आदेशों का दृढ़ता से पालन करने के आदेश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल





**कैथल।** परिवहन मंत्री अनिल विज कष्ट निवारण समिति की बैठक को संबोधित करते। *फोटो :हरिभूमि*

आरकेएसडी कॉलेज के सभागार जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक आयोजन किया गया। इसमें हरियाणा के परिवहन, ऊर्जा एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने 16 शिकायतों की सुनवाई की गई। बैठक में मंत्री अनिल विज ने पांच साल पहले एक मर्डर केस में सीबीआई जांच की अनुशंसा करने सहित एक युवती द्वारा उत्पीड़न की शिकायत पर कार्रवाई न करने पर पुलिस कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर के आदेश जारी किए। वहीं चार मामलों में कमेटी गठित कर अगली बैठक तक जांच रिपोर्ट देने के आदेश दिए। एक महिला उत्पीड़न से संबंधित शिकायत में बैठक के दौरान ही आरोपी के घर रेड करवाई। बैठक में पुरानी शिकायतों में शामिल पहली शिकायत में सीवन गेट निवासी मनजीत सिंह की उसकी बेटी को विदेश भेजने में धोखाधड़ी संबंधी शिकायत पर मंत्री ने एसपी को निर्देश दिए कि वे आरोपियों के खिलाफ चंडीगढ़ की बजाए जिला कैथल में ही जीरो एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए। मंत्री ने एसपी को बैठक में जारी किए गए आदेशों की दृढ़ता से पालन करने के आदेश जारी किए। उन्होंने पहले इस मामले के जांच अधिकारी को निलंबित करने के आदेश दिए। बाद में एसपी द्वारा जानकारी दिए जाने व पुलिस कर्मचारी के अच्छे करियर को देखते निलंबन के आदेश वापस लेते मामले में तुरंत एफआईआर दर्ज करने के आदेश जारी किए। इस शिकायत को लंबित रखा। कसान निवासी कुसुम की मरनेगा की 5600 रुपये की राशि को उसके खाते से काटे जाने संबंधी शिकायत पर एलडीएम ने शिकायतकर्ता की राशि वापस करने बारे जानकारी दी। जिस पर मंत्री ने कहा कि यह राशि नकद में दी गई है, जो नियमानुसार गलत है। एडीसी की अध्यक्षता में विजिलेंस कमेटी को इस मामले की जांच करवाने के आदेश दिए। इस शिकायत को लंबित रखा। पुरानी शिकायतों में अंतिम शिकायत गांव क्योड़क निवासी राजपाल आर्य की नेट हाउस की सब्सिडी न दिए जाने बारे थी। जिसमें पिछली बैठक में जांच के आदेश दिए थे। डीसी ने मंत्री को मामले की जांच रिपोर्ट दी। इसके बाद मंत्री ने शिकायतकर्ता की मांग पर इस मामले में एडीसी, एसडीएम एवं तहसीलदार मौके का दौरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश जारी किए।

#### डेयरी सील करने के आदेश

गांव कांगथली के सरपंच व अन्य ने उनके क्षेत्र में एक व्यक्ति द्वारा संचालित की जा रही डेयरी में नकली दूध, पनीर व अन्य पदार्थ तैयार करने की शिकायत दी। जिस पर मंत्री अनिल विज ने फूड सेफ्टी ऑफिसर से जवाब मांगा। जिसमें पता चला कि उक्त डेयरी संचालक के यहां से तीन बार सैंपल लिए जा चुके हैं और उसके खिलाफ एडीसी कोर्ट में केस भी फाइल किया गया है। मंत्री अनिल विज ने फूड सेफ्टी ऑफिसर स्तर पर ऐसी फर्म को सील न किए जाने की पावर न होने की बात पता चलने पर तुरंत विभाग के एसीएस से फोन पर बात की और इस फर्म को सील करने के आदेश जारी किए।

#### कार्रवाई के आदेश जारी

अगली शिकायत में ऋषि नगर निवासी नीतू मौण ने वर्ष 2020 में अपने भाई की हत्या के मामले में किसी की गिरफ्तारी न होने बारे शिकायत की थी। पिछली बैठक में मंत्री के आदेशानुसार पुलिस ने विदेश गए संदिग्ध आरोपी की गिरफ्तारी की प्रक्रिया शुरू करने बारे जानकारी दी। जिस पर शिकायतकर्ता पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं थी। इसके बाद मंत्री अनिल विज ने इस मामले को सीबीआई जांच करवाने की अनुशंसा की। उन्होंने डीसी को निर्देश दिए कि वे मुख्य सचिव को इस मामले की जांच सीबीआई से करवाए जाने बारे आवश्यक कार्रवाई के आदेश जारी किए।

#### बिहार में प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों की जीत: विज

जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री अनिल विज ने कहा कि बिहार में एनडीए की जीत देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा चलाई जा रही नीतियों व विकास का परिणाम है और यह इस जीत के चाणक्य केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह हैं। नीतीश कुमार की अच्छी छवि और उनके काम का भी परिणाम है कि वहां एनडीए ने जीत हासिल की है। बिहार की जागरूक जनता ने जंगलराज को जड़ से उखाड़ दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोप झूठे साबित हुए। उनकी सच्चाई लोगों के सामने आ गई है। उनके पास अच्छा कहने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि मुलाना में एक महिला के कई वोट की बात कही थी, जबकि वहां विधायक व सांसद दोनों कांग्रेस से संबंधित हैं। उन्होंने कहा कि उनके पास जो भी शिकायत आती है, उनका प्रयास रहता है कि सभी की सुनवाई की जाए और न्याय संगत कार्रवाई हो। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के ऐसे कार्यकर्ता हैं, जिन्होंने कभी कुछ नहीं मांगा।

#### तुरंत रेड करने के निर्देश

रणधीर कालोनी की निधि ने ससुराल पक्ष पर मारपीट सहित कई आरोप लगाए थे। इसमें पुलिस ने जवाब दिया कि उसके आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया गया है। शिकायतकर्ता पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नजर नहीं आए और बताया कि उसका पति अफीम का काम करता है और अवैध हथियार रखता है। साथ ही उसने एक वीडियो भी मंत्री को दिखाया। मंत्री श्री अनिल विज ने तुरंत कार्रवाई करते हुए एसडीएम अजय सिंह व डीएसपी गुरविंद्र सिंह को कैथल स्थित उसके पति के घर व जींद एसपी को नरवाना में स्थित उसके पति के दूसरे घर पर रेड के आदेश जारी किए और कहा कि यदि अफीम व हथियार मिलते हैं तो तुरंत कार्रवाई की जाए। साथ ही शिकायतकर्ता की मांग पर उसके केस को हांसी में ट्रांसफर करने के पुलिस को आदेश जारी किए।

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ज्योति सैनी, वरिष्ठ भाजपा नेता अशोक गुर्जर, पूर्व जिला अध्यक्ष मनीष कठवाड़, बलविंद्र जांगड़ा, नगर परिषद अध्यक्ष सुरभि गर्ग, प्रवीण प्रजापति, शक्ति सौदा, यशपाल प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

## जुलाना में कार से 50 पेटी अवैध शराब के साथ दो युवक गिरफ्तार

*पुलिस स्टेशन के महज 100 मीटर दूरी से किया गिरफ्तार*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना



जुलाना कस्बे के पुलिस स्टेशन के पास से पुलिस ने 50 पेटी अवैध शराब के साथ दो आरोपितों को काबू किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि पुराने बस स्टैंड से एक कार मालवी फाटक की तरफ जा रही है। जिसमें शराब भरी हुई है जिस पर पुलिस ने चेकिंग के दौरान गाड़ी को रुकवाया तो उसके अंदर 600 बोतल देशी शराब मिली । शराब से संबंधित जब युवको से लाइसेंस व परमिट मांगा गया तो वह कोई भी कागजात पेश नहीं कर सके। पकड़े गए युवकों की पहचान हिसार जिले के पुठ्ठी गांव निवासी संदीप व कैथल जिले के बालू गांव निवासी अभिषेक के रूप में हुई है।

#### आरोपितों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू

जुलाना थाना प्रभारी रविंद्र कुमार ने बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि नए बस स्टैंड की ओर से कार आ रही है जिस पर पुलिस ने नाका लगाकर कार को रूकवाया तो तलाशी के दौरान कार से 50 पेटी अवैध शराब की बरामद हुई। पुलिस ने कार सवार दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## सभी अधिकारी फील्ड में सक्रियः एसडीएम

*पराली जलाने की घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रशासन सतर्क*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिले में पराली जलाने की घटनाओं पर प्रभावी अंकुश लगाने तथा फसल अवशेष प्रबंधन को सुव्यवस्थित ढंग से लागू करने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने निगरानी और प्रवर्तन की गतिविधियों को और अधिक सुदृढ़ कर दिया है। इसी क्रम में शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में एसडीएम सत्यवान मान ने जींद उपमंडल के तहसीलदारों, कानूनगो, पटवारियों एवं ग्राम सचिवों के साथ समीक्षा बैठक की।



**जींद।** बैठक को संबोधित करते एसडीएम। *फोटो :हरिभूमि*

#### संयुक्त टीमें लगातार फील्ड में तैनात

एसडीएम सत्यवान सिंह मान ने बताया कि डीसी मोहम्मद इमरान रजा के निर्देशन में राजस्व, कृषि, पुलिस एवं ग्रामीण विकास विभाग की संयुक्त टीमें लगातार फील्ड में तैनात हैं। ये टीमें किसानों को पराली प्रबंधन संबंधी उपायों के प्रति जागरूक कर रही हैं तथा पराली जलाने की सूचना मिलते ही आवश्यक कार्रवाई भी सुनिश्चित कर रही हैं। अधिकारियों-कर्मियों को निर्देश दिए कि आगामी पांच-सात दिनों को अत्यंत संवेदनशील मानते पूर्ण फील्ड मोड में कार्य करें।

#### ये रहे मौजूद

सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र की दैनिक रिपोर्ट विभाग को अनिवार्य रूप से भेजें। एसडीएम ने कहा कि कटाई के अंतिम दिनों में किसानों के सामने अगली फसल की बुआई के लिए समय सीमित होता है।एसडीएम ने कहा कि प्रशासनिक टीमें आगामी दिनों में शनिवार एवं रविवार सहित निरंतर फील्ड में सक्रिय रहेंगी। अंत में उन्होंने किसानों से अपील की कि वे पराली जलाने के बजाय उपलब्ध वैकल्पिक प्रबंधन विधियों का उपयोग करें ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ किसी भी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन किसानों की समस्याओं को समझते हुए उन्हें हर संभव सहायता प्रदान करेगा।

## जींद में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले बने परेशानी का सबब

*पांच की मिली डेंगू पॉजिटिव रिपोर्ट, आंकड़ा पहुंचा 90 तक*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

मौसम में ठंडक के साथ ही लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामले स्वास्थ्य विभाग के लिए परेशानी का सबब बनने लगे हैं। शुक्रवार तक स्वास्थ्य विभाग को पांच नए मामले डेंगू पॉजिटिव के मिले। जिसके चलते जिला में डेंगू का आंकडा 90 पर पहुंच गया है। इसके साथ ही चिकनगुनिया के भी 13 मामले स्वास्थ्य विभाग को मिल चुके हैं। लगातार बढ़ रहे मरीजों की संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने भी अपनी सारी टीमें फील्ड में उतार दी है। टीमों द्वारा बीमार लोगों के खून के सैंपल लिए जा रहे हैं और इनकी जांच करवाई जा रही है। जिनकी रिपोर्ट पाजिटिव आ रही है, उनके आस-पास रहने वाले लोगों के खून के सैंपल लिए जा रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग का प्रयास है कि डेंगू का डंक तोड़ा जाए। इसके लिए विभाग लगातार काम कर रहा है। जिस एरिया में डेंगू का मरीज मिल रहा है, वहां पर सर्वे करवाया जा रहा है और फोगिंग करवाई जा रही है। वरिष्ठ स्वास्थ्य निरीक्षक राममेहर वर्मा ने शुक्रवार को बताया कि मौसम में उतार-चढ़ाव के चलते डेंगू का लारवा जल्दी पनपता है।

## शार्ट सर्किट से मकान में लगी आग

*पीड़ित ने सरकार से आर्थिक सहायता की गुहार लगाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कलायत

गांव मटौर में बिजली शार्ट सर्किट से प्रजापति परिवार बाल-बाल बचा। जबकि हादसे में मजदूर परिवार को आर्थिक रूप से बड़ा नुकसान हुआ। प्रभावित राममेहर ने बताया कि 13 नवंबर की रात्रि को अचानक शार्ट सर्किट से घर के स्टोर में आग धधक गई। आग की लपटों से देखते ही देखते वाशिंग मशीन, दो कूलर और एक भैंस बेचकर रख 1 लाख 25000 रुपये की नकदी जल गई। घटना से उन्हें करीब 2 लाख 50000 रुपये का नुकसान हुआ। मजदूर ने बताया कि घर में एक बेटा व तीन बेटियां है। कमाने वाला वह खुद अकेला है। प्रभावित परिवार व ग्रामीणों ने घटना के संबंध में एसडीएम के माध्यम से सरकार से आर्थिक सहायता की मांग की है। घटना को लेकर परिवार के लोग सहमे हैं। उनका कहना है कि यदि वे समय पर स्थिति नियंत्रित न कर पाते तो बड़ा हादसा हो सकता था। लेकिन समय पर परिवार व आसपास के लोगों ने आग पर काबू पाया लिया।

#### कबाडी की दुकान में लगी आग

**पाई।** गत रात्रि पाई में एक कबाड़ी की दुकान के गोदाम में आग लगने से लाखों रुपए का नुकसान हो गया है। आग रात्रि लगभग 10:00 बजे अज्ञात कारणों से लगी। आग लगने से दर्शन कबाड़ी को लाखों रुपए का नुकसान हुआ है। गनीमत यह रही की आसपास के मकान को कोई नुकसान नहीं पहुंचा। गत रात्रि जैसे ही आग लगी तो ग्रामीण पानी से भरी बाल्टियां हाथ में लेकर आए और आग बुझाने का असफल प्रयास किया, परंतु जब आग उनके काबू में नहीं आई तो उसकी सूचना पूंडरी फायर ब्रिगेड को दी गई, परंतु काफी समय तक जब फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं आई तो उसके बाद इसकी सूचना कैथल, राजौंद व कलायत के दमकल केंद्रों को दी गई, जिस पर वहां से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंची और 4 घंटे की कठिन प्रयासों के बाद आग पर काबू पाया। बढ़ती आग को देखकर आसपास के मकान में रहने वाले ग्रामीणों को डर था कि कहीं यह आग उनके मकान तक न आ जाए। जिसको देखते हुए ग्रामीण, जब तक आग पर काबू नहीं पाया गया, तब तक अपने छोटे-छोटे बच्चों समेत बाहर सड़क पर ही बैठे रहे। ग्रामीणों में इस बात का रोष था कि दूर दराज क्षेत्र से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां घटनास्थल पर पहुंच गई, परंतु उनके आने के काफी बाद पूंडरी की फायर ब्रिगेड गाड़ी पहुंची। ग्रामीणों ने आग पर काबू पाने से की सांस ली।





**नरवाना।** मृतक शहीद का अंतिम संस्कार करते व अंतिम सलामी देते हुए।

#### सड़क दुर्घटना में आईटबीपी जवान की मौत

**नरवाना।** उपमंडल के गांव गुरुसर में गुरूवार एक बहुत ही दुखद घटना घटी। जहां एक फौजी विक्रम जो की एक सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। मृतक विक्रम आईटीबीपी का जवान था। वह पिछले एक महीने से छुट्टी पर आया हुआ था। गुरूवार को वह एक शादी समारोह में गया हुआ थाद्ध जहां लौटते समय गांव बाता और कैलरम गांव के बीच एक सड़क दुर्घटना में उसकी मृत्यु हो गई। फौजी विक्रम अपने घर का इकलौता चिराग था। उसकी शादी दो साल पहले हुई थी। अभी तक विक्रम के कोई संतान नहीं थी। पूरे गांव में मातम का माहौल बना हुआ है। हर तरफ विक्रम अमर रहे नारो के साथ गूंज उठा पूरा गांव। पूरे गांव वालों की आंखें नम थी। विक्रम का पिता काफी समय से बीमार चल रहा है। पूरे गांव ने नम आंखों से विक्रम को विदाई दी।

*एक्स रे मशीन रूम पूरी तरह से बंद, एक सप्ताह में भी कार्य पूरा होने की उम्मीद नहीं*

## रेनोवेशन कार्य धीमी गति से चल रहा, मरीज परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में 14.91 करोड़ रुपये की लागत से करवाया जा रहा रेनोवेशन कार्य धीमी गति से चल रहा है। जिसके चलते नई बिल्डिंग स्थित सीटी स्कैन सेंटर के सामने एक्स रे मशीन रूम पूरी तरह से बंद हो गया है। यहां एक्सरे सुविधा न मिल पाने के कारण मरीजों को या तो टीबी वार्ड रेफर किया जा रहा है या टीबी वार्ड के पास ही बनाए गए कमरे में स्थापित एक्सरे रूम में भेजा जा रहा है। जिससे तिमारदारों को अपने मरीजों को वहां ले जाने में भारी परेशानी उठानी पड़ रही है। चिकित्सक मरीजों को टीबी अस्पताल में एक्सरे कराने के लिए भेज रहे हैं लेकिन कई मरीज संक्रमण के डर से वहां जाने से हिचकिचा रहे हैं। मजबूरी में कुछ मरीजों को निजी लैब में महंगे दामों पर एक्सरे करवाना पड़ रहा है। नागरिक अस्पताल 200 बैड का है और यहां प्रतिदिन 150 से अधिक एक्सरे होते हैं। अगर एमरजेंसी हो जाती है तो यह संख्या काफी बढ़ जाती है। इस समय बहुत कम लोग अस्पताल में एक्सरे करवा रहे हैं। क्योंकि एक्सरे कक्ष का निर्माण कार्य पिछले 15 दिनों से धीमी गति से किया जा रहा है। मरीजों को टीबी अस्पताल में एक्सरे के लिए भेजा जा रहा है। लेकिन ज्यादातर लोग बाहर ही एक्सरे करवा रहे हैं।



**जींद।** नई बिल्डिंग में एक्सरे रूम में चला हुआ निर्माण कार्य। *फोटो :हरिभूमि*

#### मानकों के आधार पर निर्माण

सीएमओ डा. सुमन कोहली ने बताया कि एक्सरे कक्ष का निर्माण स्वास्थ्य विभाग के तय मानकों के आधार पर करवाया जा रहा है। एक्सरे कक्ष में लीड लाइन दीवारें और लीड डोर बनाया जाना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द काम पूरा करवाने के लिए कहा है ताकि जल्द ही यहां एक्सरे की सुविधा शुरू की जा सके।

## विदेश भेजने का झांसा देकर 8.73 लाख हड़पे

*विदेश न भेजने पर राशि लौटाने से मना का आरोप*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंग्लैंड भेजने का झांसा देकर आठ लाख 73 हजार रुपये हड़पने पर पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने महिला समेत तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव ढाठरथ निवासी लखविंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने भतीजे सिमरजीत को इंग्लैंड भेजने का इच्छुक था। वर्ष 2023 में उसका संपर्क प्रीत विहार दिल्ली निवासी दीपकचंद, उसकी पत्नी तथा अभिषेक के साथ हुआ। आरोपित दिल्ली में ही विदेश भेजने का कार्यालय चलाते हैं। आरोपितों ने कहा कि वे काफी युवकों को विदेश भेज चुके हैं। आरोपितों के झांसे में आकर उसने अपने भतीजे को इंग्लैंड भेजने के लिए बातचीत की। सब कुछ तय होने के बाद तीन जून 2023 तक आरोपितों को आठ लाख 73 हजार रुपये तथा सभी दस्तावेज दे दिए गए। बावजूद इसके उसके भतीजे सिमरजीत का इंग्लैंड के लिए वीजा नही लगा।

# जल विभाग में नौकरी है शानदार करियर ऑप्शन



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

भारत में कार्यों को अलग-अलग विभाग के माध्यम से किया जाता है। भारत में पुलिस विभाग जिस प्रकार से अपना काम करता है। उसी प्रकार के जल विभाग के द्वारा जल से संबंधित कार्यों को भारत में किया जाता है। जल विभाग के कार्यों को करने के लिए भारत में जल विभाग की नौकरी और जल विभाग भर्ती का भी आयोजन नियमित रूप से किया जाता है। जल विभाग में भर्ती आने के पश्चात विद्यार्थी किस प्रकार से जल विभाग में नौकरी हासिल कर सकता है। इसके बारे में ज्यादातर लोगों को जानकारी नहीं है। आज के आर्टिकल में हम आपको जल विभाग में नौकरी के बारे में डिटेल में जानकारी देंगे।

## क्या होता है जल विभाग

सरकार का एक ऐसा डिपार्टमेंट जिसके माध्यम से जल संबंधित समस्त समस्याओं को दूर करने के कार्य किए जाते हैं। उसे जल विभाग कहते हैं। जल विभाग एक सरकारी विभाग है जो हर जिला में इसका मुख्यालय होता है। जल विभाग के जिले में स्थित कार्यालय की मदद से जिले में उत्पन्न होने वाली जल संबंधित समस्याओं को दूर किया जाता है।

### जल विभाग की नौकरी सरकारी

राज्य सरकार और केंद्र सरकार के द्वारा प्रतिवर्ष रिक्त पदों को ध्यान में रखते हुए जल विभाग में आवश्यक रिक्त पदों को पूरा करने के लिए सरकारी भर्ती का आयोजन किया जाता है। जल विभाग की सरकारी नौकरी के लिए विद्यार्थियों को 12 वीं पास होना अनिवार्य है। विद्यार्थियों को इस भर्ती में आवेदन लगाने और इस भर्ती के तहत जल विभाग में शामिल हो सकते हैं और जल विभाग में सरकारी नौकरी पा सकते हैं। जो विद्यार्थी जल विभाग में उच्च पदों पर नौकरी हासिल करना चाहते हैं। उन विद्यार्थियों को ग्रेजुएशन और पोस्ट ग्रेजुएशन की डिग्री करनी पड़ती है। उसके अकॉर्डिंग जल विभाग के अलग-अलग पदों पर आवेदन किया जा सकता है। जल विभाग भर्ती में एग्जाम होने के बाद इंटरव्यू भी होता है और एग्जाम पास करने वाली उम्मीदवारों को डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए बुलाया जाता है और उसके पश्चात नियुक्ति पत्र प्रदान करवा कर जल विभाग में नौकरी दे दी जाती है।

## महत्वपूर्ण जानकारी

राज्य का जल संसाधन विभाग एक सरकारी विभाग यहां राज्य में जल की आपूर्ति पूरे करने का कार्य करता है। जल संसाधन विभाग के माध्यम से राज्य में पेयजल की आपूर्ति पूरी करने के साथ-साथ जहां पर जल के माध्यम से सिंचाई होती है। वहां सिंचाई हेतु जरूरी जल की आपूर्ति को पूरा करना होता है। कई बार जल विभाग के कर्मचारियों को पानी के टैंक और पाइपों की सफाई जैसे महत्वपूर्ण कार्य करने होते हैं। इतना ही नहीं नहर की सफाई के कार्य भी करवाने होते हैं। ताकि घरों तक पहुंचने वाला पेयजल शुद्ध पहुंचे।

### जरूरी योग्यता

- जल विभाग में नौकरी लेने वाले उम्मीदवार की उम्र 18 वर्ष से 30 वर्ष होना अनिवार्य है।
- जो उम्मीदवार जल विभाग में नौकरी लेने के लिए आवेदन करना चाहता है।
- वह भारत का नागरिक होना जरूरी है।
- उम्मीदवार के ऊपर किसी भी प्रकार का जुर्म होने का आरोप व पुलिस केस नहीं होना चाहिए।
- उम्मीदवार मानसिक व शारीरिक रूप से स्वस्थ होना अनिवार्य है।

## भर्ती होने की प्रक्रिया

जो उम्मीदवार जल विभाग भर्ती में आवेदन लगा कर चल विभाग में नौकरी पाना चाहता है। उस उम्मीदवार को जल विभाग में भर्ती होने की प्रक्रिया के बारे में भी जानकारी होना जरूरी है। जल विभाग में आने वाली भर्तियों में उम्मीदवार को आवेदन करने के बाद लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। लेकिन परीक्षा को पूरा करने के पश्चात उम्मीदवार को दूसरे चरण के तौर पर एक और लिखित परीक्षा में भाग लेना होता है। पहले लिखित परीक्षा में उम्मीदवार को सामान्य ज्ञान से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं और दूसरी लिखित परीक्षा में उम्मीदवार के लिए विषय से संबंधित सवाल पूछे जाते हैं। जल विभाग के जिस पद पर उम्मीदवार नौकरी के लिए आवेदन करता है। उस पद से संबंधित सवाल दूसरे पेपर में पूछे जाते हैं। दोनों पेपर पास करने के बाद उम्मीदवार को तीसरे चरण के तौर पर साक्षात्कार के लिए भेजा जाता है। साक्षात्कार पास करने वाले उम्मीदवार को आगे जॉइनिंग लेटर देकर नौकरी पर नियुक्त कर दिया जाता है।

**कौन-कौन से पद होते :** भारत में जल विभाग में अलग-अलग पदों पर अलग-अलग भर्तियों का आयोजन किया जाता है। भारत में जल विभाग में कौन-कौन से पद होते हैं। इसके बारे में नीचे जानकारी दी गई है।

- इंजीनियर
- असिस्टेंट इंजीनियर
- जूनियर इंजीनियर
- लिपिक संवर्ग
- सफाई कर्मी
- ड्राइवर

**सैलरी :** जल विभाग में उम्मीदवार को कितनी सैलरी मिलती है। इसके बारे में बात की जाए तो जल विभाग में बहुत सारे अलग-अलग पद होते हैं। सफाई कर्मी से लेकर इंजीनियर के पद पर भी इस विभाग में उम्मीदवारों को चयनित किया जाता है। जल विभाग में उम्मीदवारों की सैलरी के बारे में बात करें तो उच्च श्रेणी पर कार्यरत उम्मीदवारों को 30000 से लेकर 67000 की सैलरी मिलती है और नीचे जूनियर और सफाई कर्मी के तौर पर काम करने वाले उम्मीदवारों को 15000 से 25000 तक की सैलरी मिल जाती है।

---

केवल कोडिंग सिखाना नहीं, तार्किक सोच में सक्षम बनाना उद्देश्य

# बी.टेक के बाद करियर के शानदार विकल्प डिजिटल युग के सबसे प्रतिष्ठित रोजगार

**डॉ. मोहित बंसल**
करियर कोच एवं मोटिवेशनल स्पीकर



बी. टेक (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) एक चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम है जो विद्यार्थियों को कंप्यूटर सिस्टम, सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट, डेटा प्रोसेसिंग, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और नेटवर्किंग जैसी आधुनिक तकनीकों की गहन समझ प्रदान करता है। इस कोर्स के दौरान विद्यार्थियों को प्रोग्रामिंग लैंग्वेज (C, C++, Python, Java), डेटा स्ट्रक्चर, एल्गोरिदम, डेटाबेस मैनेजमेंट, क्लाउड कंप्यूटिंग, साइबर सिक्योरिटी और मशीन लर्निंग जैसे विषय पढ़ाए जाते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल कोडिंग सिखाना नहीं है, बल्कि उन्हें तकनीकी समस्या समाधान, तार्किक सोच, और नवाचार की दिशा में सक्षम बनाना है ताकि वे उद्योगों के डिजिटलीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकें। नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता हासिल कर सकते हैं।

**नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत विद्यार्थी एआई एंड एमएल, डाटा साइंस, साइबर सिक्योरिटी, आईओटी जैसे विशेषीकृत क्षेत्रों में भी विशेषज्ञता कर सकते हैं हासिल**

## आधुनिक तकनीकों की गहन समझ करता प्रदान



## उच्च शिक्षा और आगे के अवसर

**बी.टेक सीएसई के बाद विद्यार्थी अपनी पढ़ाई आगे बढ़ाकर विशेषज्ञता और करियर अवसर दोनों बढ़ा सकते हैं। प्रमुख उच्च शिक्षा विकल्प हैं।**

- मास्टर ऑफ टेक्नोलॉजी
- मास्टर ऑफ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन
- पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन डेटा एनालिटिक्स, साइबर सिक्योरिटी, या क्लाउड कंप्यूटिंग
- अंतर्राष्ट्रीय सर्टिफिकेशन : अमेज़न वेब सर्विस, माइक्रोसॉफ्ट अजोर, गूगल क्लाउड, सिस्को सीसीएनऐ, और कॉम्प टीए सिक्योरिटी

**ये कोर्स विद्यार्थियों को उद्योग-उपयुक्त दक्षता, बेहतर वेतन और वैश्विक अवसर प्रदान करते हैं।**

## निजी क्षेत्र में करियर विकल्प

*डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन के इस युग में बी.टेक सीइसई स्नातकों की मांग देश-विदेश दोनों में लगातार बढ़ रही है। टेक कंपनियाँ, बैंकिंग सेक्टर, फिनटेक, ई-कॉमर्स, और क्लाउड-आधारित उद्योगों में इनकी विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है।*

**1. सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट और प्रोग्रामिंग**
**पदनाम:** सॉफ्टवेयर इंजीनियर, वेब डेवलपर, ऐप डेवलपर, सिस्टम एनालिस्ट, फुल स्टैक डेवलपर, ब्लॉकचैन डेवलपर, बैकेंड डेवलपर, फ्रॉटेंड डेवलपर

**2. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग**
**पदनाम:** डाटा साइंटिस्ट, मशीन लर्निंग इंजीनियर, ऐ आई रिसर्चर, डीप लर्निंग इंजीनियर, एनएलपि इंजीनियर, कंप्यूटर विज़न इंजीनियर, रोबोटिक्स इंजीनियर

**3. साइबर सिक्योरिटी**
**पदनाम:** साइबर सिक्योरिटी एनालिस्ट, एथिकल हैकर, नेटवर्क, सिक्योरिटी इंजीनियर, सिक्योरिटी कंसलटेंट, क्रिप्टोग्राफी एक्सपर्ट, क्लाउड सिक्योरिटी इंजीनियर

**4. क्लाउड कंप्यूटिंग**
**पदनाम:** क्लाउड इंजीनियर, क्लाउड आर्किटेक्ट, डेव ऑपरेशनल इंजीनियर, क्लाउड सिक्योरिटी स्पेशलिस्ट, क्लाउड डाटा साइंटिस्ट

**5. डेटाबेस मैनेजमेंट**
**पदनाम:** डाटा इंजीनियर, डेटाबेस एडमिनिस्ट्रेटर, डाटा आर्किटेक्ट, डाटा मॉडलर

**6. सॉफ्टवेयर टेस्टिंग एवं क्वालिटी अशोरेन्स**
**पदनाम:** ऑटोमेशन टेस्टर, टेस्ट इंजीनियर, क्वालिटी इंजीनियर

**7. टेक्नोलॉजी कंसल्टेंसी और प्रोडक्ट मैनेजमेंट**
**पदनाम:** आई टी कंसलटेंट, बिज़नेस एनालिस्ट, प्रोडक्ट मैनेजर, सलूशन आर्किटेक्ट, टेक्निकल लीड, क्लाउड कंसलटेंट

### निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन

निजी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन 4 से 8 लाख वार्षिक के बीच होता है, जो अनुभव और विशेषज्ञता के साथ 15 से 25 लाख वार्षिक या उससे अधिक तक पहुँच सकता है। गूगल, माइक्रोसॉफ्ट, अमेज़न, इनफ़ोसिस, टीसीएस, एक्सेंचर, और आईबीएम जैसी कंपनियां इन स्नातकों को उत्कृष्ट अवसर प्रदान करती हैं।

***निष्कर्ष :** बी.टेक (कंप्यूटर साइंस) केवल एक तकनीकी डिग्री नहीं, बल्कि डिजिटल भविष्य की कुंजी है। चाहे आप सॉफ्टवेयर डेवलपर बनें, डेटा साइंटिस्ट या साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट -यह क्षेत्र निरंतर विकसित होता रहेगा। सही मार्गदर्शन, नवीन तकनीकी कौशल और लगन के साथ विद्यार्थी देश-विदेश दोनों में सफल करियर बना सकते हैं।*

## प्रमुख विशेषज्ञताएं

कंप्यूटर साइंस के क्षेत्र में अनेक शाखाएं हैं, जिनके माध्यम से विद्यार्थी अपनी रुचि के अनुसार विशेषज्ञता प्राप्त कर सकते हैं।

- सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग
- साइबर सिक्योरिटी
- क्लाउड कंप्यूटिंग
- डेटाबेस मैनेजमेंट
- नेटवर्क इंजीनियरिंग
- गेमिंग और वर्चुअल रियलिटी

## आवश्यक कौशल

*कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए केवल तकनीकी ज्ञान पर्याप्त नहीं है। सफल करियर के लिए विद्यार्थियों में निम्नलिखित क्षमताओं का होना आवश्यक है।*

- तार्किक एवं विश्लेषणात्मक सोच प्रदान करना।
- समस्या समाधान और नवाचार की क्षमता
- प्रोग्रामिंग एवं कोडिंग दक्षता
- डेटा विश्लेषण एवं साइबर सुरक्षा समझ
- टीमवर्क, प्रोजेक्ट प्रबंधन और संवाद कौशल को विकसित करना।

*इन कौशलों से विद्यार्थी वैश्विक टेक्नोलॉजी कंपनियों में रोजगार पाने के साथ-साथ स्टार्टअप्स और अनुसंधान संस्थानों में भी अपनी पहचान बना सकते हैं।*

## सरकारी क्षेत्र में करियर विकल्प

*सरकारी संस्थानों और सार्वजनिक उपक्रमों में भी कंप्यूटर साइंस स्नातकों के लिए अनेक अवसर उपलब्ध हैं।*

**विद्यार्थी तकनीकी सेवाओं, अनुसंधान, साइबर सुरक्षा और डेटा प्रबंधन से जुड़ी सरकारी नौकरियों में योगदान दे सकते हैं।**

**मुख्य पदनाम:**

- आईटी अधिकारी राष्ट्रीयकृत बैंक
- सिस्टम एनालिस्ट सरकारी विभाग
- साइबर सिक्योरिटी एक्सपर्ट रक्षा एवं गृहमंत्रालय
- वैज्ञानिक / तकनीकी सहायक एनआईसी, इसरो, डीआरडीओ
- डेटा एनालिस्ट- यूआईडीऐआई, एनआईसी, और अन्य ई-गवर्नेंस प्रोजेक्ट्स

**सरकारी क्षेत्र में प्रारंभिक वेतन** : 5 से 9 लाख वार्षिक होता है, जबकि अनुभव के साथ यह 15 लाख वार्षिक तक पहुँच सकता है। इसके साथ स्थायी नौकरी, पेंशन, और पदोन्नति के अवसर इसे अत्यंत आकर्षक बनाते हैं।

## सुझाव

करियर चयन से पहले अपने रुचि क्षेत्र की पहचान करें और किसी योग्य करियर सलाहकार से परामर्श लें। अधिक जानकारी के लिए आप **www.careerjaano.com** पर भी विज़िट कर सकते हैं।

---

# कैरियर को पैशन बनाओ, उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम को बेताब हो जाओ!



मोटिवेशनल
**डॉ. दिव्या तंवर**

छात्रों, सोचो – सुबह उठते ही उत्साह की लहर दौड़े, काम के लिए बेताब हो जाओ! ये कोई ख्वाब नहीं, बल्कि सच तब बनता है जब तुम अपना कैरियर उस क्षेत्र में बनाते हो जिसे तुम दिलो-जान से प्यार करते हो। पैशन ही तुम्हारा काम बनेगी, और काम तुम्हारी स्किल को हर दिन चमकाएगा!

ये लेख खास तुम्हारे लिए है जो अभी पढ़ाई कर रहे हो, सपने बुन रहे हो। चलो, मिलकर देखें कैसे जिंदगी को सुपरहिट बना सकते हो!

**वोफील्ड चुनो जो तुम्हें 'वाह!' कहने पर मजबूर कर दे**

पढ़ाई के दौरान सब कहते हैं – इंजीनियर बनो, डॉक्टर बनो, MBA करो। अरे भाई, रुक जरा! क्या ये तुम्हारा दिल कहता है? नहीं तो छोड़ दो!

## गेमिंग में खो जाते हो? गेम डेवलपर बनो।

- ड्रॉइंग में समय भूल जाते हो? ग्राफिकडिजाइनर या आर्टिस्ट।
- कोडिंग का कीड़ा है? सॉफ्टवेयरडेवलपर।
- लोगों से बात करना पसंद? कंटेंटक्रिएटर, यूट्यूबर या पॉडकास्टर।
- नेचर में घूमना अच्छा लगता है? वाइल्डलाइफ फोटोग्राफर, एनवायरनमेंटलिस्ट या ट्रैवल ब्लॉगर।
- कहानियां गढ़ना मजेदार लगता है? स्क्रिप्टराइटर, नॉवेलिस्ट या कॉमिक बुक क्रिएटर।
- डांस में ताल मिलाते हो? कोरियोग्राफर, डांस इंस्ट्रक्टर या परफॉर्मिंगआर्टिस्ट।
- बिजनेसआइडिया दिमाग में घूमते हैं? स्टार्टअपफाउंडर, एंटरप्रेन्योर या ई-कॉमर्स ओनर।
- साइंसएक्सपेरिमेंट्स करते हो? डाटा साइंटिस्ट, रिसर्चर या बायोटेक इंजीनियर।
- खाना बनाना शौक है? शेफ, फूडब्लॉगर या फूडस्टार्टअपओनर।
- फिटनेस में मस्त रहते हो? जिमट्रेनर, योगाइंस्ट्रक्टर या स्पोर्ट्स कोच।
- किताबें पढ़ने का जुनून? एडिटर, लाइब्रेरियन या बुक रिव्यूअर।
- म्यूजिक में खो जाते हो? म्यूजिकप्रोड्यूसर, DJ या सिंगर।
- फैशन में रुचि? फैशनडिजाइनर, स्टाइलिस्ट या मेकअप आर्टिस्ट।
- सोशलवर्क पसंद? NGO फाउंडर, सोशलवर्कर या कम्युनिटीऑर्गनाइजर।
- रोबोटिक्स का शौक? रोबोटिक्स इंजीनियर या ऑटोमेशनस्पेशलिस्ट।
- वीडियोएडिटिंग मजेदार लगती है? वीडियोएडिटर, व्लॉगर या शॉर्ट फिल्म मेकर।
- स्पेस में दिलचस्पी? एस्ट्रोनॉमर, स्पेस इंजी. या NASA रिसर्चर।
- एनिमल्स से प्यार? वेटरनरी डॉक्टर, पेट ट्रेनर या जू कीपर।
- ट्रैवल करना पसंद? ट्रैवल एजेंट, टूर गाइड या एडवेंचरस्पोर्ट्सइंस्ट्रक्टर।
- पैशनवो है जो पैसे की फिक्र भुला दे। जब काम खेल जैसा लगे, तो सफलता खुद चली आएगी।
- एलनमस्कस्पेस में इसलिए सफल हैं क्योंकि रॉकेट्स उनकी पैशन हैं। तुम भी अपना 'रॉकेट' ढूंढो!

## आखिरी धमाका

### आज शुरू करो, कल किंग बनो!

छात्रों, कैरियर बोझ नहीं : तुम्हारी पैशन का खेल का मैदान है। उस फील्ड को चुनो जिसमें दिल धड़के, पैशन को काम बनाओ, स्किल पर रोज पसीना बहाओ। दुनिया बोलेगी, वाह, क्या जिंदगी जी रहा है!



**"ऑफ स्विच" बनाना सीखो**
काम के बाद फोन बंद!
शाम 7 बजे के बादः लैपटॉप बंद, नोटिफिकेशन ऑफ।
**वीकेंडरूलः** शनिवार-रविवार को सिर्फ हॉबी या रेस्ट।
उदाहरणः कोडिंगपैशन है? हफ्ते में 5 दिन कोड करो, 2 दिन गिटार बजाओ या दोस्तों से मिलो।

**यूट्यूब बनाना पसंद?**
वीडियो शूटिंग के बाद एडिटिंग छोड़ो – अगले दिन फ्रेश दिमाग से करो।




**आज ही सोचो :** तुम्हें क्या पसंद है? वही करो! असफलता आएगी, लेकिन पैशन तुम्हें उठाएगी। तुम स्टूडेंट हो, भविष्य के सुपरस्टार हो – उठो, चुनो, चमको!

तुम कर सकते हो! जय हिंद!

## सामान्य ज्ञान

**1.** एक परमाणु में 9 इलेक्ट्रॉन तथा 10 न्यूट्रॉन है ,उसकी द्रव्यमान संख्या होगी
(ए) 9 (बी) 10
(सी) 18 (डी) 19

**2.** $_{88}Ra^{226}$ (रेडियम) के नाभिक में न्यूट्रॉन और प्रोटॉनों की संख्या क्रमशः है
(ए) 138 एवं 88
(बी) 88 एवं 138
(सी) 226 एवं 88
(डी) 88 एवं 226

**3.** जिस तत्व में के परमाणु में 2 प्रोटॉन , 2 न्यूट्रॉन तथा 2 इलेक्ट्रॉन हों , उस तत्व का द्रव्यमान संख्या कितनी होगी
(ए) 2 (बी) 4
(सी) 6 (डी) 8

**4.** $_{19}K^{4}$* में इलेक्ट्रॉन की संख्या है -
(ए) 18 (बी) 19
(सी) 20 (डी) 10

**5.** यदि परमाणु की तीसरी कक्षा सबसे बहरी कक्षा हो ,तो इसमे इलेक्ट्रॉनों की अधिकतम संख्या हो सकती है
(ए) 8 (बी) 16
(सी) 18 (डी) 36

**6.** किसी परमाणु की परमाणु संख्या **Z** है तथा उसकी द्रव्यमान संख्या **M** है,तो इसके नाभिक में न्यूट्रॉन की संख्या कितनी होगी
(ए) **M+Z** (बी) **M-Z**
(सी) **M x Z** (डी) **M/Z**

**7.** परमाणु संख्या 17 तथा द्रव्यमान संख्या 35 के एक क्लोरिन परमाणु के नाभिक में होते है
(ए) 18 प्रोटॉन (बी) 18 न्यूट्रॉन
(सी) 35 प्रोटॉन डी) 35 न्यूट्रॉन

**8.** क्रमांक 20 वाले परमाणु का इलेक्ट्रॉनिक विन्यास है -
(ए) 2,8,10 (बी) 2,6,8,4
(सी) 2,8,8,2 (डी) 2,10,8

**9.** निम्न में कौन सी इलेक्ट्रॉनिक संरूपण धातु तत्व के लिए है ?
(ए) 2,8,1 (बी) 2,8
(सी) 2,8,8 (डी) 2,8,8,2

उत्तर 1.(डी) 2.(ए) 3.(बी) 4.(बी) 5.(सी) 6.(बी) 7.(बी) 8.(सी) 9.(डी)

**खबर संक्षेप**

## मून लाइट पब्लिक स्कूल में 50 को बांटे प्रमाण पत्र

**कैथल।** मून लाइट पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को एक कार्यक्रम में 50 युवतियों को सिलाई प्रशिक्षण का डिप्लोमा प्रदान किया गया। स्कूल के एमडी पालाराम सैनी ने बताया कि मून लाइट एजुकेशन सोसायटी की ओर से पिछले कई वर्षों से महिलाओं को निःशुल्क सिलाई प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षण पूरा करने वाली महिलाओं को विद्यालय परिसर में डिप्लोमा वितरित किए गए। पालाराम सैनी ने कहा कि सिलाई का हुनर सीख कर महिलाएं आत्मनिर्भर बन सकती हैं।

## गंदे पानी की समस्या को लेकर जताया रोष

**नरवाना।** नरवाना के पटेल नगर में स्थानीय निवासी आज पीने के गंदे पानी को लेकर इक`_ हुए। तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को मौके पर आकर कॉलोनी वासियों से मिलने की जिद पर अड़े रहे। कॉलोनी वासी अनेक महिलाएं इक_ी होकर संबंधित अधिकारियों के सामने इस समस्या से रूबरू हुई। महिलाओं ने कहा कि पिछले दो.तीन महीनो से पीने का पानी बिल्कुल गंदा व बदबूदार आ रहा है। जिसको पीकर हमारे बच्चे बीमार हो रहे हैं तथा बीमारी फैलने का डर बना हुआ है।

## प्रो. मदान व डा. पराशर को किया सम्मानित

**कैथल।** साहित्य सभा कैथल के प्रधान एवं वरिष्ठ साहित्यकार प्रोफ़ेसर अमृत लाल मदान व शिक्षाविद् डॉ. राजबीर पराशर को नगर निगम पंचकूला एवं कला एवं संस्कृति विभाग, हरियाणा द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित चतुर्थ वार्षिक पुस्तक मेले में सम्मानित किया गया। साहित्य सभा कैथल के प्रेस सचिव डॉ. तेजिंद्र पाल सिंह ने बताया कि यह सम्मान पंचकूला में आयोजित समारोह में प्रदान किया गया। सेवा-निवृत्त आईएएस पीके दास ने दोनों को शॉल ओढ़ाकर तथा ग्यारह पुस्तकों का सेट भेंटकर सम्मानित किया।

### गायत्री स्कूल में बाल दिवस पर लगा बाल मेला

# बच्चे जीवन में बड़े सपने जरूर देखें और कड़ी मेहनत से पूरा करें : वनिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

माता गेट स्थित गायत्री पब्लिक स्कूल में बाल दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल प्रधानाचार्य वनिता गुप्ता द्वारा किया गया। बाल दिवस के अवसर पर आयोजित बाल मेला कार्यक्रम में बच्चों द्वारा स्कूल परिसर में खान-पान के विभिन्न स्टॉल लगाए गए और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ प्रस्तुत की। बच्चों द्वारा गोल गप्पे, भेल पूरी, सैंडविच, पॉपकॉर्न कोल्ड ड्रिंक एवं खेल की स्टॉल लगाई और विजयताओं को गिफ्ट दिया। प्रधानाचार्य वनिता गुप्ता ने बच्चों से जीवन में बड़े सपने देखने और कड़ी मेहनत करने का आह्वान किया। कहा कि चाचा नेहरू के कर्मों से प्रेरणा लेने की जरूरत है। बाल दिवस का मुख्य उद्देश्य बच्चों के अधिकारों की रक्षा करना, शिक्षा का महत्व समझाना और उनके भीतर आत्मविश्वास तथा जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। यह दिन समाज को यह याद दिलाता है कि हर बच्चे को समान अवसर, सम्मान और सुरक्षित वातावरण मिलना चाहिए।



**गुहला चीका।** उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित करते। फोटो : हरिभूमि

## गुहला-चीका में डीएवी स्कूल चीका में बाल दिवस और 'आगाज़' उत्सव जोश-उत्साह के साथ मनाया

**गुहला-चीका।** डीएवी स्कूल चीका में बाल दिवस और 'आगाज' उत्सव जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। उत्सव की शुरुआत स्वागत धुन और एनसीसी परेड से हुई, जिसके लिए स्कूल बैंड ने आकर्षक प्रस्तुति दी। स्कूल प्रबंधन समिति के मैनेजर विवेक तिवारी और डीएवी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. जसवीर सिंह का स्कूल पहुंचने पर फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। स्कूल की प्रधानाचार्या संध्या ने विद्यालय की उपलब्धियों का उल्लेख किया। कार्यक्रम में मंच संचालन नरेन्द्र सिंह और मोनिका शर्मा ने किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी अध्यापक मौजूद रहे।

## डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में बाल दिवस पर खेल-कूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन

**पूंडरी।** डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी में बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के लिए खेल-कूद प्रतियोगिताओं का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय की प्राचार्या साधना बख्शी ने किया। उन्होंने बच्चों को खेलों के माध्यम से स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीमवर्क और आत्मविश्वास को बढ़ाने का संदेश दिया। प्रतियोगिताओं में कक्षा चौथी से लेकर सातवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। मैदान में बच्चों का उत्साह देखते ही बनता था। विद्यालय परिसर पूरे दिन खेल भावना और उल्लास से भरा रहा। आयोजित खेल प्रतियोगिताओं में 100, 200, 400 और 800 मीटर दौड़, लॉन्ग जंप, शॉट पुट, लैग रेस, फ्रॉग जंप, पोटैटो रेस, बैक रेस, वन लेग रेस, हाईप स्टेप, थ्री लैग रेस और लेमन रेस जैसी रोमांचक स्पर्धाएं शामिल रहीं। इस अवसर पर



स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेते बच्चे।

विद्यालय का पूरा स्टाफ उपस्थित रहा और उन्होंने विभिन्न प्रतियोगिताओं के सफल संचालन में सहयोग दिया। शिक्षकों ने बच्चों का उत्साहवर्धन करते हुए उन्हें खेलों को जीवन का आवश्यक हिस्सा बनाने की प्रेरणा दी।

## बच्चों ने रंग-तरंग प्रतियोगिता में दिखाए प्रतिभा के रंग

**कैथल।** सत्य भारती स्कूल खेडी गुलाम अली में रंग तरंग और इंग्लिश क्वीज की प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के दौरान बच्चों ने सजावट के बीच ड्राइंग, रंग भरने क्रिएटिव आर्ट गतिविधियों में बढ चढकर भाग लिया। इसके अलावा इंग्लिश क्विज कंपीटीशन में भी विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा दिखाई। इस दौरान विद्यार्थियों ने अपनी भाषा कौशल और उत्कृष्ट दक्षता का परिचय दिया। कार्यक्रम के अंत में विजेता प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल स्टाफ ने अहम योगदान दिया तथा बच्चों को आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।





**कैथल।** एसआई रोहताश राजकीय माध्यमिक विधालय सारन के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए।

## दुपहिया वाहन चलाते समय करें हेलमेट का प्रयोग : रोहताश

### सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम आयोजित

**कैथल।** बाल दिवस के अवसर पर राजकीय माध्यमिक विधालय सारन में सड़क सुरक्षा व नशामुक्ति अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य अतिथि एसआई रोहतास थाना तितरम का स्कूल के मुख्याध्यापक दलबीर राठी व सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा फूल मालाओं के साथ स्वागत किया गया। विशिष्ट अतिथि अशोक लेलैंड ड्राइवर ट्रेनिंग संस्थान, गढ़ी के ट्रेनिंग मैनेजर पुनीत धीमान ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए बताया कि सड़क पर चलने के नियमों विस्तार पूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि सड़क के नियमों का पालन करके हम अपने साथ साथ दूसरों को भी सुरक्षित रखते हैं। उन्होंने बच्चों को बताया कि दोपहिया वाहन पर हमेशा हेलमेट लगाएं, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट जरूर लगाएं। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यातिथि रोहताश सब इंस्पेक्टर तितरम थाना ने बताया की नशा हमारे समाज और युवाओ को काफी हानी पंहुचा रहा है हम सब को मिलकर इस बुराई को जड़ से खत्म करना है और इसके लिए हम जब तक प्रयास करते रहेंगे जब तक हम इसमें सफल नहीं हो जाते। अंत में पुनीत धीमान और रोहताश ने बच्चों को फूल माला पहना कर बाल दिवस की सभी बच्चों को शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर स्कूल मुख्याध्यापक दलबीर राठी, संदीप, प्रवीण कुमार, बिरमा चन्द, कमलेश देवी, शीला रानी ट्विंकल खटकड़ आदि उपस्थित रहे।

**सूचना**

मैं, अशोक कुमार पुत्र रामफल निवासी गांव जामनी तहसील सफीदों, जिला जीन्द (हरियाणा) बयान करता हूं कि मेरी पुत्री कोमल मेरे कहने-सुनने से बाहर है। इसलिये मैं इसको अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। इससे लेन-देन, व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

## विद्यार्थियों ने दिया राष्ट्रीय एकता का संदेश



**कैथल।** राष्ट्रीय एकता का संदेश देती छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

श्री कपिलमुनि राजकीय महिला महाविद्यालय कलायत में वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन विशेष दिवस समिति की इंचार्ज रीतु देवी के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक वंदे मातरम् गायन से हुई, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर देशभक्ति का शानदार प्रदर्शन किया। इसके बाद विद्यार्थियों को वंदे मातरम् के इतिहास, राष्ट्रगीत के महत्व और राष्ट्रज्ञान से अवगत कराया गया। इस अवसर पर सभी छात्रों ने एक-दूसरे का हाथ पकड़कर राष्ट्रीय एकता, सामूहिक शक्ति और सद्भाव का संदेश दिया। यह दृश्य परिसर में देशभक्ति और एकता की भावना को और अधिक प्रबल बनाता दिखाई दिया। कॉलेज प्रशासन ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास तथा राष्ट्रप्रेम की भावना को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

## वुडस्टॉक स्कूल में उल्लास और उमंग के साथ मनाया बाल दिवस समारोह

- सभी विजेताओं को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

वुड स्टॉक स्कूल में बाल दिवस बड़े ही हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया। यह विशेष दिन बच्चों की मासूमियत, ऊर्जा और रचनात्मकता को समर्पित रहा। विद्यालय परिसर पूरे दिन बच्चों की हंसी और खुशियों से गूंजता रहा। कार्यक्रम की शुरुआत प्रार्थना और सरस्वती वंदना से हुई। पूरे विद्यालय में कक्षा वार विशेष गतिविधियों का आयोजन किया गया। कक्षा सातवीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए हाउस वाइज क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज का विषय हरियाणा राज्य रहा। जिसमें प्रतिभागियों ने हरियाणा के इतिहास, संस्कृति, खेल, भूगोल और महान व्यक्तित्वों से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दिया।



**जींद।** प्रतिभावान बच्चों को सम्मानित करते हुए।

बच्चों ने अद्भुत ज्ञान और तत्परता का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता बेहद रोचक रही और तीनों सदनों लीडर, इनोवेटर, चैलेंजर आदि सभी के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन किया। जिनमें चैलेंजर हाउस ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया। चैलेंजर हाउस के जिन विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया वे हैं काकुल कक्षा 12वीं, ख्याति कक्षा 11वीं, मानसी कक्षा 10वीं, सिद्धि कक्षा 9वीं, मिहिर कक्षा 8वीं तथा श्रेया कक्षा 7वींद्ध। सभी विजेताओं को मैनेजमेंट द्वारा शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। द्वितीय स्थान पर लीडर हाउस रहा। इस हाउस के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों में शामिल रहे सयंम कक्षा 12वीं, अरमान सिंह कक्षा 11वीं, तान्वी कक्षा 10वीं, छवि कक्षा 9वीं, पल्लवी कक्षा 8वीं तथा पाखी कक्षा 7वीं रहे। सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। तृतीय स्थान पर इनोवेटर हाउस ने अपनी जगह बनाई।

## कैबिनेट मंत्री ने पोस्ट ऑफिस शाखा का शुभारंभ किया

**नरवाना।** लघु सचिवालय परिसर में आज केंद्र एवं प्रदेश सरकार की ओर से संचालित होने वाली पोस्ट ऑफिस की नई शाखा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी ने रिबन काटकर इस महत्वपूर्ण शाखा की शुरुआत की। इस अवसर पर उपमंडल प्रशासनए बार एसोसिएशनए डाक विभाग के अधिकारी एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

कैबिनेट मंत्री कृष्ण कुमार बेदी ने कहा कि नरवाना के अधिवक्ताओं एवं बार एसोसिएशन की लंबे समय से यह मांग थी कि न्यायालय परिसर एवं लघु सचिवालय के परिसर में पोस्ट ऑफिस शाखा स्थापित की जाए। । कैबिनेट मंत्री बेदी ने बिना देर किए इस विषय पर केंद्रीय संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से संपर्क किया तथा विस्तृत पत्राचार कर इस शाखा की स्वीकृति दिलवाने का अनुरोध किया।

**हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम**

**ग्यारहवां पुरस्कार (इलैक्ट्रिक कैटल-100 नग)**

❖ रणधीर सिंह सुपुत्र श्री सूरत सिंह, गांव लहराड़ा, सोनीपत ❖ यशपाल शर्मा पुत्र श्री बारू राम, 317/3, धर्मबीर कॉलोनी, घरौंडा, करनाल ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री विनोद कुमार, प्रगति नगर, गली नं.-2, सोनीपत ❖ श्री जगदीश सुपुत्र रामभजन प्रजापति, वार्ड नं. 10, महम, रोहतक ❖ श्री पवन कुमार सुपुत्र श्री सूरज भान वर्मा, गोपाल कॉलोनी, नीयर पुराना सदर थाना, रोहतक ❖ राम सिमरो धर्मपत्नी श्री जुगल किशोर, मं नं. 2700/15, पंचकूला ❖ दक्ष सुपुत्र श्री खुशी राम गांव व डा. कुराड़, सोनीपत ❖ क्रिश सुपुत्र श्री राजकुमार 46 अनिल नगर, सोनीपत ❖ विरेन्द्र सिंह यादव सुपुत्र श्री जगराम यादव, गांव पुन्सिका, मनेठी, रेवाड़ी ❖ नरेश कुमार सुपुत्र श्री ताराचंद पाली रेवाड़ी मनेठी ❖ गुलशन कौर धर्मपत्नी श्री बृजपाल सिंह, सरदार आटा चक्की, पुल बाजार, नारनौल, महेन्द्रगढ़ ❖ शैकिन दत्त सुपुत्र श्री राम निवास, विशाल नगर, गली नं. 2, सोनीपत ❖ नीरू सचदेवा पत्नी श्री पंकज सचदेवा, गांव बरसत, घरौंडा, करनाल ❖ पार्थ सुपुत्र श्रीमान प्रमोद ❖ रजनी सुपुत्री श्री रणबीर सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ गर्वित पाराशर सुपुत्र श्री विरेन्द्र पाराशर, गांव खाण्डा, खरखौदा, सोनीपत ❖ नरेन्द्र पुत्र श्री भीम सिंह मैन बाजार नजदीक पुराना थाना, जुलाना, जीन्द ❖ चान्दराम सुपुत्र श्री देई चन्द, वार्ड नं. 9 जुलाना मण्डी, जीन्द ❖ रीना धर्मपत्नी सुखपाल सिंह चौहान, सिद्धार्थ कॉलोनी, बहालगढ़ रोड़, सोनीपत ❖ हीना सहरावत धर्मपत्नी श्री अंकित सहरावत ❖ शमशेर पुत्र श्री फूल सिंह, जै जैवन्ती, जुलाना, जीन्द ❖ प्रियंका धर्मपत्नी श्री राजकुमार, 46 नजदीक रामा मेडिकल स्टोर, अनिल नगर, सोनीपत ❖ श्री भगवान भटनागर सुपुत्र श्री लाल चन्द भटनागर, प्रगति नगर, गली नं. 2, सरोहा हाउस के सामने छोटू राम चौक, सोनीपत ❖ हिमाशुं सुपुत्र श्री लोकेश, वस्त्रम नगर, गली नं. 10, सोनीपत ❖ प्रीति मिश्रा धर्मपत्नी परतव उपाध्याय, गली नं. 7, रिषी कॉलोनी, सोनीपत ❖ श्री पंकज सुपुत्र श्री अशोक कुमार, पटेल नगर, रेलवे रोड, जींद ❖ विकास सुपुत्र श्री गुरदास गांव जुलाना वार्ड नं. 6 जीन्द ❖ झलक सुपुत्री श्री राजकुमार, म. नं. 46, कुम्हार गेट, अनिल नगर, सोनीपत ❖ अंजु धर्मपत्नी दीपक रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ सोनिया धर्मपत्नी श्री मनोज कुमार 27/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ सचिन वधवा, मं नं. ई 205, राम गली, करनाल ❖ अनिता चुरानी, 2700 FF सेक्टर -15, पंचकूला ❖ गुजरी देवी, धर्मपत्नी रोहतास मलिक, फैमिना टेलर, रेलवे रोड, सफीदों, जीन्द ❖ गुलाब सिंह धर्मपत्नी श्री टेक राम, बुढ़ा खेड़ा, लाठर, जुलाना, जीन्द ❖ जगबीर सुपुत्र श्री बनवारी लाल, अकालगढ़, जुलाना, जीन्द ❖ सुखबीर सिंह सुपुत्र श्री रंगराव, गांव पलड़ा, बेरी, झज्जर ❖ जय किशन सुपुत्र श्री डालचन्द, हमायुंपुर, मातनहेल, झज्जर ❖ कविता धर्मपत्नी श्री अशोक हथवाला, जुलाना, जीन्द ❖ श्री पवन कुमार वधवा, फेंसी मेन बाजार, कलधा हाउस, कलानौर, रोहतक ❖ श्री सचिन सुपुत्र कृष्ण, गांव व डा. खरावड़, तह. सांपला, रोहतक ❖ श्री जगवंती गांव व डा. बोहर, रोहतक ❖ लक्ष्मी नारायण सुपुत्र श्री जय नारायण, म. नं. 2620 अर्बन स्टेट, सैक्टर 10, जीन्द ❖ वेदपाल सुपुत्र श्री धर्मबीर, गांव सुबाना, झज्जर ❖ राजेश हेयर ड्रेसर सुपुत्र जय सिंह, भानू भाई फैक्ट्री, झज्जर ❖ सुनिधी पुत्री श्री सतपाल, गांव अमादलपुर, माछरौली, झज्जर ❖ हीरालाल रोहिला सुपुत्र श्री रामपाल, गांव रैईया, बख्तावरपुर, झज्जर ❖ सतबीर सिंह पुत्र श्री उदयराम, मॉडल टाउन, झज्जर ❖ धरेश कुमार सुपुत्र श्री प्रताप चन्द म. नं.31/11, मौहल्ला लाल कहानिया, झज्जर ❖ रामरत्तन एक्स सर्विसमैन पुत्र श्री मथुरा दास, गांव बेरी वार्ड नं. 1, झज्जर ❖ मनमोहन सिंह सुपुत्र श्री ओमप्रकाश, प्राणपुरा, वार्ड नं. 5, नारनौल, महेन्द्रगढ़

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

**आवश्यक सूचना :**

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रात: 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते है :- फोन : 9253681019-20

**- कार्यालय पता -**

हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### बाबू अनंतराम जनता कॉलेज में सांसद ने किया खेल महोत्सव-2025 का भव्य आगाज

# युवाओं तक पहुंचेंगी सभी खेल सुविधाएं: नवीन जिंदल

विजेता खिलाड़ियों पर होंगी 2 करोड़ रुपये इनामों की बौछार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| ढांड

भारत सरकार के खेल एवं युवा कार्यक्रम मंत्रालय के तत्वावधान में नवीन जिंदल फाउंडेशन द्वारा संचालित सांसद खेल महोत्सव-2025 का आज बाबू अनंतराम जनता कॉलेज, कौल में भव्य शुभारंभ हुआ। सांसद नवीन जिंदल ने मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचकर ध्वजारोहण, दीप प्रज्वलन और फ्लैग मार्च के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की। सांसद जिंदल और विधायक सतपाल जाम्बा ने इस अवसर पर महोत्सव की ट्रॉफी का अनावरण भी किया। उद्घाटन के बाद रस्साकशी, 100 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेलों के मुकाबले आयोजित किए गए। खिलाड़ियों का




**ढांड।** सांसद नवीन जिंदल का स्वागत करते विधायक सतपाल जांबा तथा जिप चेयरमैन कर्मबीर कौल व अन्य।

उत्साहवर्धन करते हुए सांसद नवीन जिंदल ने कहा कि कुरुक्षेत्र संसदीय क्षेत्र का यह खेल महोत्सव पूरे देश में सबसे भव्य होगा। विजेता खिलाड़ियों को 2 करोड़ की पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया जाएगा। विधायक सतपाल जाम्बा ने कहा कि खेलों की तैयारी कर रहे हर खिलाड़ी को सहयोग देने में सांसद नवीन जिंदल हमेशा तत्पर रहते हैं। सांसद खेल महोत्सव प्रतिभागियों को अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए बड़ा मंच प्रदान कर रहा है। कार्यक्रम में स्वामी सम्पूर्णानंद जी, तेजवीर पूर्व विधायक हल्का पूंडरी, कर्मबीर कौल चेयरमैन जिला परिषद कैथल, लेफ्टिनेंट जनरल जे.एस. नैन, डॉ. जगविंदर सिंह विर्क, सुरेश संधू जिला महामंत्री, देवेंद्र पांचाल, सुभाष हजवाना चेयरमैन पूंडरी, विजेंदर मेहला चेयरमैन ढांड, कृष्ण शर्मा चेयरमैन पाई, मनोज राणा मंडल अध्यक्ष पूंडरी, सरोज देवी मंडल अध्यक्ष करोड़ा, नरेश कुमार सरपंच प्रतिनिधि, धीर सिंह सरपंच आहूं, मेनपाल, राजकुमार, श्याम सुंदर पूर्व सरपंच, नरेंद्र बाकल, प्रमोद शर्मा, बलबीर, चमेल सिंह बरसाना, संदीप ढुल, शशि मेहला, प्रदीप बदनारा आदि मौजूद रहे।

## सुप्रीम स्कूल में बाल दिवस का पर्व हर्षोल्लास से मनाया



- विजेताओं को पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया

**जींद।** सुप्रीम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में बाल दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा दीप प्रज्वलन के माध्यम से की गई। जिसके पश्चात विविध रंगारंग प्रस्तुतियों का सिलसिला शुरू हुआ। विद्यार्थियों ने पंडित जवाहरलाल नेहरू के जन्मदिवस पर आधारित आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिनमें नृत्य, गीत और नाट्य अभिनय शामिल थे। प्रधानाचार्य नवीन शर्मा ने अपने संबोधन में बाल दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। हर वर्ष 14 नवंबर को देश भर में बाल दिवस मनाया जाता है, जो हमारे प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू की जयंती को समर्पित है। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न रोचक प्रतियोगिताएं जैसे चित्रकला, भाषण, कविता पाठ तथा ज्ञान-विज्ञान प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। विजेताओं को विशेष पुरस्कार और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

## खबर संक्षेप

### महाराजा अग्रसेन स्कूल में मनाया बाल दिवस

जींद। स्थानीय महाराजा अग्रसेन विद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर अपनी प्रतिभा प्रदर्शन से सब का मन मोह लिया। बच्चों ने आज के विद्यार्थियों की मानसिकता को उकेरती सत्य पर आधारित कक्षा के वातावरण से संबंधित लघु नाटिका, हरियाणवी, नृत्य, भजन व गीत की विभिन्न प्रस्तुतियां देकर वातावरण को खुशी से ओत प्रोत कर दिया।

### संत कबीर महासभा की बैठक 16 को

जींद। संत कबीर महासभा की बैठक 16 नवंबर को आयोजित की जाएगी। कार्यकारिणी के कुछ पदाधिकारियों ने जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी के पास शिकायत पत्र भेज कर अनुरोध किया था कि संस्था की आम सभा की बैठक बुलाई जाए। जिला रजिस्ट्रार फर्म एवं सोसायटी के आदेशों की अनुपालना में 22 अक्टूबर को बैठक बुलाई गई थी।

### मकान का टूटा ताला नकदी-सामान चोरी

जींद। गांव रजाना कलां में बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर नगदी तथा अन्य सामान को चोरी कर लिया। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव रजाना कलां निवासी संजय ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने मकान का ताला तोड़ कर 11 हजार की नगदी, सरसों का तेल व अन्य सामान चुरा लिया।

### बाड़े से 15 पशु चोरी, मामला दर्ज

जींद। गांव डाहौला में बीती रात चोरों ने बाड़े का ताला तोड़ कर 15 भेड़ व बकरियों को चोरी कर लिया। अलेवा थाना पुलिस ने शिकायत के आधार पर चोरी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गांव डाहौला निवासी प्रवीण ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात चोरों ने उसके बाड़े का ताला तोड़ कर 13 भेड़ तथा दो बकरियों को चोरी कर लिया।

### गुणात्मक आधार पर होगा आवेदनों का मूल्यांकन

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि प्राथमिकता कार्यक्रमों, नवाचारों और आकांक्षी जिलों में जिला कलेक्टरों के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए 2014 में इस योजना का पुनर्गठन किया गया। जिले के आर्थिक विकास की दिशा में जिला कलेक्टरों के प्रदर्शन को मान्यता देने के लिए 2020 में इस योजना का फिर से पुनर्गठन किया गया। सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 2021 में एक नए दृष्टिकोण के साथ योजना को नया रूप दिया गया।

### प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण 15 तक

जींद। केंद्र सरकार की ओर से लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए पंजीकरण और आवेदन जमा करवाने की अंतिम तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है। प्रधानमंत्री पुरस्कारों के लिए निर्धारित शर्तें और मापदंड पूरे करने वाले 15 नवंबर तक अपना आवेदन जमा करवा सकते हैं।

### विवि में इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट की कार्यकारिणी घोषित

जींद। सीआरएसयू में इंडिपेंडेंट यूथ फ्रंट की कार्यकारिणी घोषित की गई। जिसमें निरमल सिंह को अध्यक्ष, मुकुल टंडन उपाध्यक्ष, गर्ल्स विंग अध्यक्ष रिचा भंडारी, गर्ल्स विंग उपाध्यक्ष पलक शर्मा, छात्र नेता विपिन, अहसास, सलाहकार डवोकेट दीपक, सचिव साहिल ठाकुर, संयुक्त सचिवराहुल, कोषाध्यक्ष साहिल, मीडिया कोऑर्डिनेटररू दीपांशु सिंहमारए दीपांशु पातलान को ममनोनित किया गया।

### मंडियों में धान खरीद सुचारू रूप से जारी

जींद। डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने बताया कि जिला प्रशासन किसानों के हितों की सुरक्षा और मंडियों में पारदर्शी खरीद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। धान खरीद सीजन के दौरान किसानों की सुविधा के लिए मंडियों में सभी जरूरी प्रबंध किए।

*बिहार में भाजपा की जीत ने खुशी को दोगुणा किया : डा. कृष्ण मिड्ढा*

# बिहार में भाजपा की जीत पर कार्यकर्ताओं ने जताई खुशी

**एक-दूसरे को मिठाई खिला कर विजय उत्सव मनाया**

## भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारे गूंजे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

भारतीय जनता पार्टी की बिहार विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत का जश्न जींद में मनाया गया। हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिला कर विजय उत्सव मनाया। कार्यालय परिसर में बड़ी संख्या में भाजपाई जुटे और भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, भारत माता की जय के नारों से पूरा माहौल गूंजायमान कर दिया। कार्यकर्ताओं का उत्साह ऐसा था मानो दीपावली का पर्व समय से पहले ही आ गया हो। डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व और पार्टी की नीतियों पर जनता का भरोसा लगातार मजबूत हो रहा है। यह जीत दर्शाती है कि जनता अब राजनीति के शोर में नही बल्कि विकास के कार्यों में विश्वास करती है। बिहार की जनता ने एक बार फिर विकास, सुशासन और राष्ट्रवाद के पक्ष में अपना स्पष्ट जनादेश दिया है। बिहार की जीत पर कार्यकर्ताओं के साथ झूमे विधायक, बांटे लड्डू बिहार में मिली एनडीए को प्रचंड जीत पर विधायक देवेंद्र चतरभुज अत्री कार्यकर्ताओं के साथ झूमे। कपास मंडी, लाल चौक पर कार्यकर्ताओं ने बिहार की जीत पर लड्डू बांटे, गुलाल उड़ाया। बिहार में एनडीए की सरकार बनने पर जुलाना में बांटी मिठाई जुलाना नगरपालिका के चेयरमैन डॉ संजय जांगड़ा ने अपने निजि कार्यालय में बिहार में भारी बहूमत से एनडीए की सरकार बनने पर मिठाई बांट कर खुशी मनाई है। लोगों को संबोधित करते हुए डा. संजय जांगड़ा ने कहा कि बिहार की जनता ने विकास के नाम पर मोहर लगाकर एनडीए को भारी बहूमत से जीत दिलाई है। अब बिहार का चहुंमुखी विकास होगा।



बिहार में एनडीए की जीत पर मिठाई बांटते भाजपा कार्यकर्ता।



गुहला चीका। एनडीए की बढ़त पर लड्डू बाटकर खुशी का इजहार करते भाजपाई।

### भाजपा में उत्साह

गुहला-चीका। बिहार विधानसभा चुनाव के नतीजे सामने आते ही भाजपा कार्यकर्ताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई। एग्जिट पोल और ओपिनियन पोल के बाद से ही एनडीए की जीत का अनुमान लगा रहे कार्यकर्ता सुबह से ही टीवी चैनलों से चिपके हुए थे। पूर्व नगर पालिका प्रतिनिधि एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजेश शर्मा के कार्यालय पर सैकड़ों कार्यकर्ताओं की भीड़ जुटी रही। जैसे ही भाजपा की बढ़त के रुझान आने शुरू , कार्यकर्ता ढोल–नगाड़ों की थाप पर झूमते नजर आए। एनडीए के 200 के आंकड़े तक पहुंचते ही जश्न दोगुना हो गया। कार्यकर्ताओं ने शहर में विजय जुलूस निकाला और भवानी मंदिर में लड्डू बांटकर जीत की खुशी मनाई। भाजपा नेता राजेश पिंटू ने कहा कि एनडीए की बढ़त ये साबित करती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व पर जनता का भरोसा अटूट है। दावा किया कि महागठबंधन को जनता ने पूरी तरह नकार दिया है और कांग्रेस की स्थिति अत्यंत कमजोर रही। पिंटू ने तेजस्वी यादव की संभावित हार पर भी प्रतिक्रिया देते कहा कि विपक्ष की भूमिका निभाना भी अब महागठबंधन और खासकर कांग्रेस के लिए मुश्किल दिख रहा है। सालिन्द्र वाल्मीकि, पूर्व मंडल प्रधान लीला राम, राजीव शर्मा, प्रदीप सिंह, बलकार सैन, ललित जिंदल, राकेश वाल्मीकि, प्रवीन काला मौजूद रहे।

# आप कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

पंजाब के तरन-तारन उप-चुनाव में आप की जबरदस्त और ऐतिहासिक जीत के बाद कैथल जिला कार्यालय में खुशी और उल्लास का माहौल देखने को मिला। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों के साथ नाचते जीत का जश्न मनाया और एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर बधाई दी। प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता ने विशेष रूप से पहुंचकर कार्यकर्ताओं का उत्साह बढ़ाया। कहा कि तरन-तारन उपचुनाव का परिणाम यह स्पष्ट कर देता है कि पंजाब की जनता को काम, ईमानदारी और पारदर्शिता की राजनीति ही सबसे ज्यादा पसंद है।



कैथल। आप के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता कार्यकर्ताओं से रूबरू होते।

### ये रहे मौजूद

मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व में पंजाब में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, भ्रष्टाचार-नियंत्रण और जनकल्याण से जुड़ी कई ऐतिहासिक पहलें की गई हैं, जिनका असर चुनाव में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि यह जीत किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि मेहनत करने वाले हर कार्यकर्ता की जीत है—उस जनता की जीत है जिसने फिर से आप के 'काम की राजनीति' पर भरोसा जताया है। इस दौरान जिला कार्यालय में भारी भीड़ उमड़ी रही। कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश देखने को मिला। जिलाध्यक्ष जगमग मटौर, शिक्षा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष मास्टर सतबीर गोयत, अमरीक मोर, जोगिंदर श्योकंद, अंकित, धर्मेंद्र, मनोज समेत अनेक पार्टी पदाधिकारी और युवा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जिलाध्यक्ष जगमग मटौर ने कहा कि यह जीत आने वाले समय का संकेत है कि पंजाब ही नहीं, पूरे देश में अब जनता राजनीति में ईमानदारी और विकास को प्राथमिकता दे रही है।



राजौंद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

### प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए किया प्रोत्साहित

राजौंद। गांव किठाना में बाल दिवस पर स्वामी सीताराम कन्या स्कूल में ज्ञान विज्ञान व खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। दौरान सभी बच्चों ने ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता में बढ़ चढ़कर भाग लिया। ज्ञान प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में महक,रश्मि, अवनिका,रिहान,प्रियल की टीम ने प्रथम स्थान तथा सीनियर टीम में महक, मुस्कान, मनप्रीत, सिमरन, निशु, वर्षा,नव्या, सुनैना ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।स्टाफ सदस्यों की भी जीके व रेस प्रतियोगिता हुई जिसमें रेस में मंजू व पूनम मैडम प्रथम व द्वितीय, ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता में पूनम व कौशल्या मैडम ने प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त किया । खो खो मे मिष्ठी,दिव्या,सिमरन ,अवनी,कृति,अलिना की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।।इस दौरान प्रिंसिपल पवन कुमार ने बाल दिवस,खेल व ज्ञान विज्ञान प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बच्चों को प्रोत्साहित किया। इस दौरान स्कूल प्रबंधक समिति ऐसे आयोजन करवाने के लिए हमेशा स्कूल स्टाफ का मार्गदर्शन करती रहती है।

### हिंदू कालेज में प्रस्ताव लेखन पर कार्यशाला

जींद। हिंदू कन्या महाविद्यालय जींद के रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेलए इंस्टीट्यूशनल इनोवेशन काउंसलिंग और इतिहास विभाग के संयुक्त तत्वावधान प्रायोजित बीज अनुदान प्रस्ताव लेखन विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का सफल संयोजन पीजी विभाग की प्राध्यापिका सोनी गोयल व सहसंयोजिका की भूमिका कोकिला के द्वारा निभाई गई। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्या डा. पूनम मोर के कुशल नेतृत्व एवं प्रेरणादायी मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यशाला की पहली वक्ता डा. प्रीति सहायक प्राध्यापिका राजनीति विज्ञान विभाग रहीं। उन्होंने शोध प्रस्ताव तैयार करने के लिए मार्गदर्शन सत्र विषय पर विस्तारपूर्वक चर्चा की। डा. प्रीति ने शोध प्रस्ताव तैयार करने की प्रक्रिया, अनुसंधान के उद्देश्यों की स्पष्टता तथा प्रस्ताव लेखन में सटीकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

### कैथल के तैराकों ने जीते कई पदक

कैथल। आरकेएसडी कॉलेज कैथल के तैराकों ने इंटर-कॉलेजिएट स्विमिंग चैम्पियनशिप 2025-26 में शानदार प्रदर्शन करते 4 स्वर्ण, 14 रजत और 1 कांस्य पदक जीतकर ओवरऑल रनर-अप ट्रॉफी अपने नाम की। प्रिंस ने 3 गोल्ड, 4 सिल्वर व 1 ब्रॉन्ज, अशम ने 1 गोल्ड, नवीन कुमार ने 2 सिल्वर, हर्षित शर्मा ने 1 सिल्वर, सुजल ने 1 सिल्वर, रतिश बंवाल ने 1 सिल्वर, रोहित ने 1 सिल्वर, रोहित ने 1 सिल्वर, अन्मोल ने 1 सिल्वर, अंकुश ने 1 सिल्वर तथा प्रिंस ने अन्य इवेंट में 1 सिल्वर जीतकर कॉलेज का नाम रोशन किया। कॉलेज प्रबंधक समिति के अध्यक्ष अशवनी शोरवाला ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि स्विमिंग टीम ने अनुशासन, लगन और उत्कृष्ट खेल भावना का परिचय दिया है और इतनी बड़ी संख्या में पदक जीतना कॉलेज के लिए गौरव का विषय है।



कैथल। खिलाड़ियों को सम्मानित करते पदाधिकारी। फोटो :हरिभूमि



गांव करोड़ा में प्रतियोगिता के दौरान सरकारी स्कूल के अध्यापक।

### इंग्लिश क्वीज में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

राजौंद। सत्य भारती स्कूल करोड़ा में ड्राइंग कंपटीशन और इंग्लिश क्वीज की प्रतियोगिता करवाई गई। इस प्रतियोगिता में तीसरी से लेकर पांचवी कक्षा तक के बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस प्रतियोगिता के दौरान बच्चों का टैलेंट देखने और उनका हौसला बढ़ाने के लिए जूरी मेंबर सरकारी स्कूल से मास्टर नफे सिंह और मास्टर कृष्ण कुमार व रामचंद्र उपस्थित रहे। ड्राइंग कंपटीशन में पांचवी क्लास की आंचल फर्स्ट पोजीशन पर रही, जिसको नकल राशि देकर सम्मानित किया गया और सेकंड और थर्ड पोजिशन वाले बच्चों को भी नकद राशि देकर सम्मानित किया गया। ऐसे ही इंग्लिश क्विज कंपटीशन वाले बच्चों को भी नकद राशि के साथ सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्कूल का सारा स्टाफ मौजूद रहा और बच्चों को आगे बढ़ते रहने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

### पदयात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया

कैथल। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में आयोजित सरदार पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष में एक पद यात्रा का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा शहीदी स्मारक कैथल से अंबाला रोड होते हुए पुलिस लाइन कैथल में संपन्न हुई। इस कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य है विद्यार्थियों में राष्ट्र गौरव समाज के प्रति जिम्मेदारी तथा एकता की भावना को बढ़ाना है। जाट वमावि कैथल की एनएसएस यूनिट के स्वयंसेवकों ने इस पदयात्रा में बढ़ चढ़कर भाग लिया। एनएसएस अधिकारी सुनील कुमार व पूनम ने इस पदयात्रा के आयोजन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। जाट हाई स्कूल समिति के प्रधान राजकुमार बेनीवाल, उप प्रधान बलजिंदर बनवाला, महासचिव एडवोकेट रश्मि सिंह ढुल तथा कोषाध्यक्ष बलकार नैन ने स्वयंसेवकों को इन गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लेने के लिए प्रेरित किया। राजकुमार बेनीवाल जी ने बच्चों को बताया इस प्रकार के आयोजन से समाज में जागरूकता पैदा की जा सकती है। कार्यकारिणी सदस्य गण डॉक्टर सत्यवान माजरा, दलवीर कैरों, महावीर राविश आदि मौजूद रहे।




कैथल। पदयात्रा में भाग लेते जाट स्कूल कैथल के स्वयं सेवक



नरवाना। वंदे मातरम गीत गाते प्राध्यापिकाएं। फोटो :हरिभूमि

### मातरम की 150 वीं वर्षगांठ पर कार्यक्रम हुआ

नरवाना। सनातन धर्म महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना ;छैैद्ध के अंतर्गत राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम की 150 वीं वर्षगांठ के कार्यक्रम के चलते कालेज में कार्यक्रम का आयोजन किया जिसमे मानव श्रृंखला बना कर राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम गाया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज की प्राचार्या डॉ अंजना लोहान के मार्गदर्शन एवं अध्यक्षता में संपन्न हुआ। प्राचार्या ने संबोधन में कहा कि वंदे मातरम केवल एक गीत नहीं बल्कि यह भारत माता के प्रति हमारी श्रद्धा सम्मान और समर्पण का प्रतीक है। इस गीत से विद्यार्थियों में देशभक्ति और एकता की भावना प्रबल होती है। एनएसएस की प्रभारी मधु शर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। जिसमें छात्राओं ने अपनी सुसंगठित प्रस्तुति और अनुशासन से सभी का मन मोह लिया। पूरे कॉलेज परिसर में देशभक्ति के गीतों की गूंज सुनाई दी।




जींद। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी प्रबंधक समिति के साथ। फोटो :हरिभूमि

### इंटर टैलेंट फेस्ट पर प्रतिभाओं का संगम

जींद। मोतीलाल नेहरू स्कूल के सौजन्य से क्रिएटिव करियर, स्मार्ट किड्स तथा किड्स पैराडाइज के संयुक्त तत्वावधान में बाल दिवस के उपलक्ष्य में इंटर टैलेंट फेस्ट 2025 का भव्य आयोजन किया गया। यह प्रतियोगिता विद्यालय परिसर में पंद्रह दिनों तक निरंतर चलती रही। जिसमें प्रथम से पांचवीं कक्षा तक के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बच्चों में छिपे हुए विभिन्न प्रतिभा पक्षों को उजागर करना तथा उनमें आत्मविश्वास, प्रतिस्पर्धा और रचनात्मकता की भावना को विकसित करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय प्रबंध समिति अध्यक्ष संदीप दहिया, प्राचार्य रविंद्र कुमार एवं प्रशासक वीपी शर्मा और अतिथियों के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलन से हुआ। बच्चों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर वातावरण को मधुर और पवित्र बना दिया। इस अवसर पर अतिथि के रूप में स्मार्ट किड्स के अध्यक्ष अमरजीत एवं प्राचार्य मंजू फोगाट और क्रिएटिव कॉर्नर के अध्यक्ष नवीन सिंगला ने विद्यालय में शिरकत की। 15 दिनों तक चले इस फेस्ट में अनेक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

## पंडित जवाहरलाल नेहरू आधुनिक भारत के निर्माता थे : रिषीपाल हैबतपुर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



कांग्रेस भवन में कार्यक्रम का आयोजन कर अर्पित किए श्रद्धासुमन

जिला कांग्रेस भवन में शुक्रवार को देश के प्रथम प्रधानमंत्री स्व. पंडित ज्वाहरलाल नेहरू की जयंती पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर याद किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला कांग्रेस अध्यक्ष रिषीपाल सरंपच ने की। इस मौके पर पूर्व विधायक परमेंद्र ढुल, महाबीर गुप्ता, राजू लखीना, दिनेश डाहौला, अमनदीप बेलरखां समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। उन्होने कहा कि पंडित जवाहर लाल नेहरू ने देश को आजादी दिलाई और आधुनिक भारत का निर्माण किया। उन्होने देश के विकास के लिए अनेक योजनाएं शुरू की। हरित क्रांति से देश को अनाज उत्पादन में आत्मनिर्भर बनाया। सिंचाई के लिए बड़े-बड़े बांध बनवाए। शिक्षा तथा स्वास्थ्य पर विशेष जोर दिया। देश को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अलग पहचान बनाई। विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी को बढावा दिया। देश के आर्थिक विकास को लेकर पंच वर्षीय योजनाएं बनाई। उद्योगों पर विशेष जोर दिया। उनकी विदेश नीति ने विश्व को नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि उनकी नीतियां और सिद्धांत को अपनाना आज के दौर मे भी सही है। देश की तरक्की में पंडित जवाहर लाल के योगदान को भुलाया नही जा सकता है।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### बाल दिवस पर फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

जींद। भारत विद्या मन्दिर मिडल स्कूल में बाल दिवस के उपलक्ष्य में चाचा नेहरु की वेशभूषा फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। इस अवसर पर स्कूल के मुख्याध्यापक विनोद हसीजा ने बताया कि स्वतंत्र भारत के प्रथम प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू का जन्म 14 नवंबर 1889 को इलाहाबाद के अत्यन्त सम्पन्न परिवार में हुआ था। इनके पिता मोती लाल नेहरू इलाहाबाद के प्रसिद्ध बैरिस्टर थे और उस जमाने में लाखों रुपए मासिक कमा लेते थे। बाल्यकाल में इनका पालन पोषण राजकुमारों की तरह हुआ। 15 वर्ष की आयु में उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैंड के हैरो विश्वविद्यालय में दाखिल करा दिया गया। भारत के स्वतंत्र होने पर सर्वसम्मति से आप स्वाधीन भारत के प्रथम प्रधानमंत्री निर्वाचित हुए। तब से मृत्यु पर्यन्त आप इसी पद पर रहे। नेहरू जी अपनी विदेश यात्राओं के समय जिस भी देश में जाते थे वहां बच्चों से अवश्य मिलते थे। वे कहते थे कि विश्व में प्रत्येक जगह बच्चे एक ही तरह के स्वभाव वाले होते है। वे बच्चों में बहुत प्रिय थे।




जींद। कार्यक्रम में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि

### आधारशिला में मनाया बाल दिवस

जींद। आधारशिला विद्यालय में बाल-दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। विद्यालय के मुख्य द्वार पर ही अध्यापिकाओं द्वारा हर विद्यार्थी का तिलक लगा कर उनका स्वागत किया गया व हर बच्चे को एक-एक पेन भेंट स्वरूप दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय में स्पोर्टस मीट का भी आयोजन किया गया। इसमें कक्षा छठी व सातवीं के सभी विद्यार्थियों ने अपने अध्यापकों सहित भाग लिया। इसमें रस्साकस्सी, बाधा-दौड़, फ्रॉग रेस, लेमन रेस इत्यादि रहे। बच्चों व अध्यापकों के बीच में भी मुकाबला काफी रोचक रहा। हर बच्चे ने अपने अध्यापकों पर विजय प्राप्त करने की पुरजोर कोशिश की। इस अवसर पर निदेशिका अंजू सिहाग व प्रधानाचार्य सतवीर सिंह गहलावत ने बताया कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थी और अध्यापकों के बीच अत्यंत सौहार्दपूर्ण वातावरण का निर्माण होता है जो उनके शिक्षण-अधिगम को रोचक व सार्थक बनाता है। उन्होंने सभी बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं देकर उनके भावी जीवन की मंगलकामना की।

**इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में बाल मेले का आयोजन**

# बाल मेले में विद्यार्थियों ने लिया झूलों का आनंद

*बच्चों की हंसी और खुशियों की आवाज से वातावरण उत्सवमय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

इंडस पब्लिक स्कूल जूनियर विंग में विद्यार्थियों के लिए बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ बाल मेले का आयोजन किया गया। पूरे परिसर में रंग बिरंगी साज सज्जा बच्चों की हंसी और खुशियों की आवाज से वातावरण उत्सवमय हो गया। इंडस ग्रुप ऑफ इंस्टीटयूशन के डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने बच्चों के साथ मिल कर मेले का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उप प्राचार्य प्रवीण कुमार व मुख्यअध्यापिका गुरमीत कौर भी उपस्थित रहे। मेले में बच्चों ने तरह-तरह के स्विंग्स जैसे ट्रामपॉलिन व स्लाइड्स आदि का खूब आनंद लिया। मेले में स्वादिष्ट खाने व पीने के स्टॉल भी लगाए गए। जिनमें ब्रेड, पकौडा, जूस, चाट, बर्गर, केक, पेस्ट्री आदि उपलब्ध थे। सब बच्चों ने अपने मनपसंद व्यंजनों का स्वाद चखा और पूरे उत्साह के साथ स्टॉल्स का आनंद लिया। टैटू प्वायंट व सेल्फी कॉर्नर मेले के प्रमुख आकर्षण के केंद्र रहे। इसके अलावा कई मनोरंजक खेल और गेम्स के स्टॉल्स भी लगाए गए। जिसमें बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा दिखाई। डायरेक्टर सुभाष श्योराण ने बच्चों को बाल दिवस की शुभकामनाएं दी और उन्हें ऊंचाइयों को छूने का आशीर्वाद दिया। सभी अध्यापिकाओं व विद्यार्थियों ने बाल मेले का खूब आनंद लिया।





जींद। बाल मेले में भाग लेते हुए बच्चे। फोटो :हरिभूमि